**उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर (नैनीताल)**
**पो0ओ0 – रामनगर (नैनीताल), उत्तराखण्ड पिन कोड–244715**
**फोन नं0 (05947)–254275**
**Email:secy-ubse-uk@nic.in वेबसाइटः www.ubse.uk.gov.in/www.ukutet,com**

**उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET I&II) 2025**

**:: प्रेस विज्ञप्ति (निःशुल्क) ::**

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) के द्वारा दिनांक **27 सितम्बर 2025** को आयोजित **उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET-I&II) 2025 का परीक्षाफल परिषद् की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in के DEPARTMENTAL EXAM** टैब **एवं www.utet.com पर उपलब्ध है।** परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थी परिषद् की उक्त वेबसाइट पर जाकर अपनी **लॉगइन आई0डी0 अथवा अनुक्रमांक व जन्मतिथि** (जैसा आवेदन–पत्र में अंकित किया गया है) अंकित कर अपना परीक्षाफल (अंक पत्र) डाउनलोड कर सकते हैं।

यह परीक्षा दिनांक **27 सितम्बर 2025 को राज्य भर में स्थित 29 शहरों में बने 94 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों (प्रथम पाली में यू0टी0ई0टी0 प्रथम एवं द्वितीय पाली में यू0टी0ई0टी0 द्वितीय) में आयोजित की गयी थी।** परीक्षाफल का विस्तृत संख्यात्मक विवरण निम्नवत हैं–

| क्र0 स0 | परीक्षा का नाम | कुल पंजीकृत अभ्यर्थी | परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थी | कुल उत्तीर्ण अभ्यर्थी | उत्तीर्ण प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | UTET I | 14595 | 11949 | 4564 | 38.20 |
| 2. | UTET II | 24517 | 20803 | 4153 | 19.96 |

परीक्षा में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों को अंकपत्र डाक द्वारा भी प्रेषित किये जायेंगे। परीक्षा में उत्तीर्ण (Qualified) अभ्यर्थियों को अंकपत्र–सह प्रमाणपत्र निर्गत किया जायेगा। प्रत्यावेदनों के निस्तारणोंपरांत दोनों परीक्षाओं की अंतिम उत्तर कुंजी (Answer Key भी परिषद् की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in के DEPARTMENTAL EXAM** टैब पर उपलब्ध है।

परिषद् परीक्षा को शान्तिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पादित करवाने हेतु परीक्षा कार्य में सहयोग प्रदान करने वाले समस्त विभागीय कार्मिकों एवं अधिकारियों (मुख्य शिक्षा अधिकारी/नियंत्रक अधिकारी, नोडल अधिकारियों, केन्द्र व्यवस्थापकों, पर्यवेक्षकों, कक्ष निरीक्षकों एवं कार्यालय कार्मिकों) तथा प्रशासन के अधिकारियों/कार्मिकों (सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं कोषागार के अधिकारियों/कार्मिकों एवं पुलिस प्रशासन) का आभार व्यक्त करती है।

12/11/2025

**सचिव**
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर, नैनीताल।